हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शनिवार 25 जुलाई 2026

10 कोर्ट के आदेशों की अवहेलना पर भड़का सकसं...



11 छात्रों की मांगों के समर्थन में दिया धरना



## खबर संक्षेप

### गुजवि ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2026 में आयोजित एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022 व 2023, एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एलएलबी छठा सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, एलएलबी छठा सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2023, पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024 व 2025, बीसीए छठा सेमेस्टर (मेन) बैच 2023 आदि का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### अग्रोहा में मकान पर छापा 308 ग्राम गांजा बरामद

**हिसार।** पुलिस ने अग्रोहा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मकान पर छापेमारी कर 308 ग्राम गांजा, एक डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक कांटा तथा नशीले पदार्थों की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक की पन्नियां बरामद की हैं। अग्रोहा थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली कि कुलेरी गांव निवासी सुरेन्द्र उर्फ गोलू अपने मकान से नशीले पदार्थ बेचने का अवैध कारोबार करता है और बिक्री के लिए गांजा छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत छापा मारा। तलाशी के दौरान कमरे में चारपाई के बिस्तर में छिपाकर रखा गया 308 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### ठगी के शिकार व्यक्ति को राशि वापस मिली

**हिसार।** साइबर थाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में 18 हजार रुपये की ठगी गई राशि सफलतापूर्वक रिफंड करवाई है। इस संबंध में मिली एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए साइबर थाना में तैनात उप निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह ने समय रहते आवश्यक कानूनी और तकनीकी प्रक्रिया पूरी करते हुए संबंधित बैंक और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित किया। पुलिस की तत्परता के चलते शिकायतकर्ता के खाते में 18 हजार रुपये की पूरी राशि वापस करवा दी गई।

### ओशो ध्यान उपवन में ध्यान शिविर कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 26 जुलाई को होने वाले ध्यान शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ओशो के ध्यान सूत्र पर आधारित यह ध्यान शिविर प्रातः 8 बजे शुरू होगा और सायं 5 बजे तक जारी रहेगा। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि शिविर में साधकों को ध्यान विधियों की जानकारी देने के साथ ही तनाव-अवसाद दूर करने के उपाय और एकाग्रता व स्मरण शक्ति बढ़ाने के उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# सुंदर ब्रांच नहर में पानी न आने से भड़के किसान, बास में लगाया जाम

## धान की फसल सूखने के कारण फूटा गुस्सा, नहरी विभाग के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

- पुलिस की मध्यस्थता और पानी आने के बाद शांत हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

सुंदर ब्रांच नहर में पानी न आने से आक्रोशित किसानों ने शुक्रवार को जींद-भिवानी मार्ग पर गांव बास के पुराने बस स्टैंड के पास सड़क पर जाम लगा दिया। अचानक लगाए गए इस जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही बास थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नहरी विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता करवाई और नहर में पानी आने के बाद ही किसान जाम खोलने को राजी हुए।



### मोहला हेड पर भेदभाव का आरोप

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि उन्होंने अपने खेतों में धान की फसल रोपी हुई है, जो पानी के अभाव में अब सूखने के कगार पर पहुंच चुकी है। किसानों का आरोप है कि मोहला हेड से जुई फीडर, मिताथल फीडर और सुंदर ब्रांच नहर अलग-अलग निकलती हैं। नहरी विभाग द्वारा जुई और मिताथल फीडर में तो अधिक पानी छोड़ा जाता है, जबकि सुंदर ब्रांच नहर को केवल बचा हुआ पानी ही दिया जाता है। किसानों ने बताया कि गुरुवार को ही नहर में पानी छोड़ा गया था, लेकिन शुक्रवार सुबह उसे दोबारा बंद कर दिया गया। जब काफी संख्या में किसान एकत्र होकर मोहला हेड पहुंचे, तो वहां कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। बेलदार के जरिए जब जेई से फोन पर बात की गई, तो उन्होंने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। नहरी विभाग के इस ढुलमुल रवैये से गुस्साए किसानों ने गांव बास पहुंचकर सड़क पर धरना दे दिया।

### थाना प्रभारी ने एक्सईएन से बात कर करवाया समस्या का समाधान

सड़क जाम होने की खबर मिलते ही बास थाना प्रभारी पवित्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों से रास्ता खोलने की अपील की। हालांकि, किसान नहर में तुरंत पानी छोड़े जाने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद थाना प्रभारी ने मौके से ही नहरी विभाग के एक्सईएन से फोन पर बात की। पुलिस और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद विभाग ने नहर में पानी छोड़ दिया, जिसके बाद किसानों ने जाम समाप्त किया।

### समझा-बुझाकर कराया शांत

खेतों में सिंचाई के पानी की समस्या को लेकर किसान कुछ समय के लिए सड़क पर बैठे थे। उन्हें समझा-बुझाकर और नहरी विभाग से वार्ता करवाकर जाम खुलवा दिया गया था। अब यातायात पूरी तरह सामान्य है।
**-पवित्र सिंह**, थाना प्रभारी, बास थाना



हिसार। एसई को ज्ञापन सौंपते हुए 31 सदस्यीय ग्रामीण समिति।

# मय्यड़ की पेयजल समस्या को लेकर 25 का मटका फोड़ प्रदर्शन स्थगित

- सकारात्मक बातचीत व समाधान के आश्वासन पर माने ग्रामीण

**हिसार।** नजदीकी गांव मय्यड़ में लंबे समय से बनी पेयजल संकट की समस्या को लेकर 25 जुलाई को प्रस्तावित मटका फोड़ प्रदर्शन से पहले ही प्रशासन और सरकार ने सक्रियता दिखाते हुए ग्रामीणों से वार्ता की। सकारात्मक बातचीत और जल्द समाधान के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने फिलहाल आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है। हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन पहले से अधिक व्यापक रूप में किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की एकजुटता और आंदोलन की चेतावनी के बाद जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई ने गांव के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया। इसके बाद सरकार में मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा ने भी 31 सदस्यीय ग्रामीण समिति से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। अधिकारियों ने गांव की पेयजल समस्या के शीघ्र एवं स्थायी समाधान का भरोसा दिलाया। किसान नेता जोगेंद्र मैयड़ ने बताया कि प्रशासन के सकारात्मक आश्वासन को देखते हुए ग्रामीणों ने 25 जुलाई को प्रस्तावित मटका फोड़ प्रदर्शन फिलहाल स्थगित कर दिया है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि विकास, बलदेव भाखर, धर्मपाल, मास्टर रमेश, मास्टर मनदीप, गोलू, रामकिशन, अरविंद शर्मा, बलवान वाल्मीकि, रामनिवास नायक, अनुज छोटा नंबरदार, सुरेश लाला, आदेश, दलवीर बिडासरा, सील नाई, नरेंद्र दूत आदि मौजूद थे।

# पुलिस कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## लोहारी राघो में फंदे से लटका मिला था युवक, परिजनों का आरोपः हत्या कर लटकाया

**नारनौंद।** लोहारी राघो गांव में करीब 20 दिन पहले पेड़ से लटके मिले युवक बिट्टू के शव के मामले में पुलिसिया कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार को परिजनों सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और उपमंडल परिसर पहुंचकर एसडीएम विकास यादव को ज्ञापन सौंपा। परिजनों ने साफ तौर पर आरोप लगाया है कि बिट्टू की हत्या कर उसके शव को पेड़ से लटकाया गया था।

उधर, इस मामले में एसडीएम विकास यादव ने कहा कि बिट्टू की मौत के मामले में परिजनों ने ज्ञापन सौंपा है। परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। इस मामले की दोबारा और निष्पक्ष जांच के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

### पुलिस कर रही गुमराह, धमकाकर भेजती है वापस




मृतक की मां ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि 6 जुलाई को उसके बेटे बिट्टू की हत्या करके शव को गांव के पास ही पेड़ पर लटका दिया गया था। उस समय पुलिस ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया था, लेकिन घटना के 20 दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मृतक की मां ने आरोप लगाया कि जब भी हम न्याय की उम्मीद में पुलिस के पास जाते हैं, तो हमें डरा-धमकाकर वापस भेज दिया जाता है। हम उच्च अधिकारियों से भी मिल चुके हैं, लेकिन हमें सही जांच तक का भरोसा नहीं दिया जा रहा। इस ढुलमुल रवैये से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम विकास यादव ने ग्रामीणों से ज्ञापन प्राप्त किया और उन्हें उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# बास आजम शाहपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत

- खेत से घर लौटते समय हुआ हादसा, दो बहनों का इकलौता भाई था दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बास थाना क्षेत्र के गांव बास आजम शाहपुर में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय छात्र दीपक की मौत हो गई। वह ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा था और खेत से बाइक पर घर लौटते समय मुंढाल जींद रोड़ स्थित उजाला पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और सड़क पर जा गिरा और उसके सिर पर गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है।

### वाहन चालक मौके से फरार

जानकारी के अनुसार, दीपक गुरुवार शाम करीब पांच बजे बाइक पर खेतों की ओर गया था। देर रात वह वापस घर लौट रहा था कि इसी दौरान उजाला पेट्रोल पंप के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। और टक्कर मारने के बाद वाहन चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के पिता विजेंद्र की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने तथा गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है।

### देर रात तलाश के दौरान मिली हादसे की सूचना

जब देर रात तक दीपक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच गांव के सोशल मीडिया ग्रुप में सड़क हादसे की तस्वीरें वायरल हुईं। परिजन मौके पर पहुंचे तो वहां डायल-112 और बास थाना पुलिस की टीम मौजूद थी। पुलिस ने शव को एंबुलेंस के माध्यम से हांसी के सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया। मृतक दीपक के पिता विजेंद्र किसान हैं। दीपक परिवार का इकलौता बेटा था, जबकि उसकी दो बहनें हैं। बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव के लोगों ने भी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। परिजनों का कहना है कि दुर्घटनास्थल के आसपास स्थित मकानों और उजाला पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उन्हें उम्मीद है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान हो जाएगी।

# तेजाब डालकर हत्या करने के दोषी को उम्रकैद, एक लाख जुर्माना भी लगाया

- जिला अदालत ने गुरुवार को दिया था दोषी करार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका मलिक की अदालत ने तेजाब से हमला कर हत्या करने के मामले में दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी ऋषि नगर निवासी संजय पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील सुनील परुथी ने बताया कि अदालत ने आरोपी संजय को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी ठहराया था, जिसे शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

### जांघ पर डाल दिया था तेजाब

अदालत में चले मामले के अनुसार शहर थाना पुलिस ने 12 जून 2022 को यह दर्ज किया था। न्यू ऋषि नगर निवासी अश्वनी ने पुलिस को दिए बयान में बताया था कि वह टैक्सी चलाता था। उसकी पत्नी की करीब 12 साल पहले मृत्यु हो चुकी थी और उसकी दो बेटियां हैं। अश्वनी के अनुसार, घटना से लगभग एक सप्ताह पहले वह शाम करीब साढ़े पांच बजे अग्रसेन भवन के पास बैठा था। उस समय उसके साथ महावीर कॉलोनी निवासी सीटू और नगरपालिका कर्मचारी राज भी मौजूद थे। इसी दौरान ऋषि नगर निवासी संजय वहां पहुंचा और अपने साथ लाई तेजाब की बोतल खोलकर उसके पजामे के अंदर जांघ पर तेजाब डाल दिया। आरोपी मौके से फरार हो गया।

### उपचार के दौरान मौत के बाद जोड़ी हत्या की धारा

तेजाब से गंभीर रूप से झुलसने के बाद राहगीरों ने अश्वनी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। अश्वनी ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया था कि संजय ने बिना किसी वजह उस पर तेजाब डालकर उसे जलाया है और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इलाज के दौरान अश्वनी की मौत हो गई। इसके बाद शहर थाना पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़कर जांच शुरू की और आरोपी संजय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में कोर्ट में चालान पेश किया था।

# बहुचर्चित टोल इंचार्ज हत्याकांड में सीआईए ने तीन आरोपी और दबोचे

## करीब एक महीने बाद मर्डर केस में पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

**हिसार।** जिले के बहुचर्चित टोल प्लाजा हत्याकांड की जांच के चलते सीआईए टीम ने मामले में संलिप्त तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है।

सीआईए टीम प्रभारी पीएसआई कर्ण सिंह ने बताया कि जांच के दौरान सबसे पहले सेक्टर 16 निवासी साहिल को गिरफ्तार किया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि साहिल वारदात के समय घटनास्थल पर मौजूद था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन साहिल ने किराये पर लिया था, जिसका इस्तेमाल वारदात में किया गया। जांच को आगे बढ़ाते हुए सीआईए टीम ने तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान ईशारपुर साउथ वेस्ट निवासी हिमांशु, धीरज व एक अन्य हिमांशु के रूप में हुई है।

### ये था मामला

मामले के अनुसार गत 22-23 जून की रात को स्कॉरपियो सवार युवकों ने टोल के विवाद में अपनी गाड़ी से कुचलकर टोल मैनेजर संजय की हत्या कर दी थी। इस संबंध में दर्ज करवाई शिकायत में रूपेश मौर्य ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 15-16 वर्षों से बाडोपट्टी टोल प्लाजा पर कार्यरत है। घटना के दिन रात के समय हिसार की ओर से एक स्कॉर्पियो टोल पर पहुंची। गाड़ी में सवार युवक शराब के नशे में थे। जब उनसे टोल शुल्क मांगा गया तो वे विवाद करने लगे। आरोपियों ने अभद्रता करते हुए हाथ से बैरियर हटाया और गाड़ी आगे बढ़ा दी। रूपेश के अनुसार, आरोपियों ने कुछ दूरी पर जाकर गाड़ी रोक दी। जब टोल मैनेजर संजय उनसे बात करने के लिए वहां पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे। कहासुनी बढ़ने पर 4-5 युवक लाठी-डंडे लेकर गाड़ी से उतरे और संजय के साथ मारपीट शुरू कर दी। रूपेश ने



बताया कि संजय के साथ मारपीट होते देख अन्य कर्मचारी बीच-बचाव के लिए पहुंचे। इसी दौरान आरोपियों ने गुस्से में स्कॉर्पियो को तेजी से बैक किया और संजय के ऊपर चढ़ा दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

## मौसम | उत्तरी हरियाणा के अधिकांश जिलों में होगी तेज बारिश

# 28 से फिर सक्रिय होगा मानसून, हिसार व आसपास के जिलों में हल्की से मध्यम बरसात होने की उम्मीद

**हिसार।** प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मानसून की रफ्तार काफी धीमी है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 28 जुलाई से मानसून फिर जोर पकड़ेगा। 30 जुलाई तक प्रदेश के उत्तरी जिलों में अधिकांश जगह मध्यम से तेज बारिश और हिसार, भिवानी, सिरसा, फतेहाबाद, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और अन्य पश्चिमी व दक्षिणी प्रदेश में भी हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में मानसून ट्रफ की उत्तरी सीमा जैसलमेर, गुना, सीधी और डेल्टागंज होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। इसके कारण प्रदेश में मानसून की गतिविधियां कुछ कमजोर बनी हुई हैं। हालांकि अरब सागर से आने वाली नम हवाओं तथा दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से 25 से 27 जुलाई के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 27 जुलाई के बाद मानसून ट्रफ उत्तर की ओर खिसकेगी, जबकि बंगाल की खाड़ी से नमी वाली हवाओं का प्रवाह बढ़ने से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। एचएयू के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि इस अवधि में हवाओं की दिशा में भी बदलाव देखने को मिलेगा।

### जलभराव को लेकर डीसी ने ली बैठक



**हिसार।** शहर में संभावित जल भराव को लेकर उपायुक्त महेन्द्र पाल ने नगर निगम, पब्लिक हेल्थ तथा एचएसवीपी के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मानसून के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लो लाईन क्षेत्रों की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए तथा ड्रेनों और जल निकासी मार्गों की समय-समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही संसाधनों, मशीनरी, पंप सेट तथा अन्य आवश्यक उपकरणों को पूरी तरह क्रियाशील अवस्था में रखा जाए।

# 17 पशुओं से भरा कैंटर पकड़ा, तीन पर केस

**हांसी।** पशु क्रूरता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हांसी पुलिस ने एक कैंटर से 17 पशुओं को अमानवीय परिस्थितियों में ले जाते हुए पकड़कर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर सभी पशुओं को सुरक्षित बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार, डायल-112 पर सूचना मिली थी कि दिल्ली-हांसी रोड पर एक कैंटर में बड़ी संख्या में पशुओं को ठूंस-ठूंसकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी शेखपुरा की ईआरवी टीम गांव ढाणी शोभा के पास पहुंची और संदिग्ध कैंटर को रुकवाकर जांच की। जांच के दौरान कैंटर के अंदर 12 भैंस और 5 छोटे कटड़े बेहद तंग एवं अमानवीय परिस्थितियों में भरे हुए मिले। इसके बाद पुलिस चौकी शेखपुरा की टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहन को कब्जे में लिया और सभी पशुओं को सुरक्षित बाहर निकलवाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कैंटर चालक राकेश कुमार निवासी जिला फाजिल्का (पंजाब) के अलावा पशु व्यापार से जुड़े नोमान निवासी शामली (उत्तर प्रदेश) तथा बिलाल इस्तखार निवासी मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) को हिरासत में लिया।

# रैम्बो व रोमियो की मदद से 8.50 ग्राम हेरोइन व ड्रग मनी समेत पकड़ा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डॉग रैम्बो और रोमियो की सहायता से एक युवक को 8.50 ग्राम हेरोइन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और दो हजार रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम जिले में नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए अभियान चला रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि डोगरान मोहल्ला क्षेत्र में एक युवक हेरोइन बेचने के लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी उप निरीक्षक इन्द्र सिंह के



नेतृत्व में पुलिस टीम ने पुलिस डॉग रैम्बो और रोमियो की सहायता से डोगरान मोहल्ला में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सैनियान मोहल्ला निवासी साहिल को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 8 ग्राम 500 मिलीग्राम हेरोइन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा दो हजार रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई।

### 11.62 ग्राम हेरोइन समेत युवक दबोचा, जेल भेजा

**हांसी।** सीआईए-1 हांसी ने 11.62 ग्राम हेरोइन सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर हांसी-राजू रोड स्थित साईं कॉलोनी के पास दबिश दी और वहां खड़े एक युवक की तलाशी ली। उसके कब्जे से 11.62 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान साईं कालोनी निवासी अमन उर्फ बारू के रूप में हुई है। पुलिस ने उससे बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर थाना शहर हांसी में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ के उपरांत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### लोक संपर्क व परिवाद समिति की बैठक 30 को

**हिसार।** जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में 30 जुलाई को बाद दोपहर 3 बजे आयोजित की जाएगी। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा करेंगे। बैठक में गत बैठकों के लंबित परिवाद के अलावा हाल ही में आमजन द्वारा दिए गए परिवादों को भी रखा जाएगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार की टीम ने उक्त आरोपी को पकड़ा। पुलिस के अनुसार इस संबंध में कालीरावण गांव निवासी शिवचरण ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी चिंदड़ गांव निवासी बजरंग को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई।

### किरमारा खेत से लोहे का सामान चोरी, दो पकड़ें

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने किरमारा गांव में खेत से लोहे का सामान चोरी करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। इस मामले में चोरीशुदा सामान पहले ही बरामद किया जा चुका है। अग्रोहा थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इससे पहले गांव के ही विशाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई 30 फुट लंबी तीन इंच की लोहे की पाइप, एक लोहे का बेंड तथा तीन लोहे की फ्लैंजी बरामद की थीं। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने मामले में गांव के ही सुमेश व नंगथला निवासी राजाराम की संलिप्तता का पता लगाया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार इस संबंध में 8 जुलाई को गांव किरमारा निवासी राजेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी।

### एचटीएम क्षेत्र में फायरिंग में 10वां आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम थाना क्षेत्र में दर्ज फायरिंग के मामले में पुलिस ने 10वें आरोपी को काबू करने के साथ ही उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ढाणी किशनदत्त निवासी सौरभ के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने वारदात में प्रयोग किए गए डंडे की बरामदगी करवाई और घटनास्थल की निशानदेही भी की। जांच अधिकारी ने बताया कि इस मामले में इससे पहले नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथियार और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए गए थे। ताजा गिरफ्तारी के बाद इस मामले में अब तक कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## 2.25 लाख कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग

# कोर्ट के आदेशों की अवहेलना पर भड़का सकसं, 7 को होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सुप्रीम कोर्ट और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा सरकारी विभागों में वर्षों से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने संबंधी स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा इन्हें लागू न किए जाने के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। शुक्रवार को जाट धर्मशाला में संघ द्वारा कच्चे-पक्के कर्मचारियों की एक विशाल कन्वेंशन आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान अशोक सैनी ने की तथा संचालन जिला सचिव ओम प्रकाश माल ने किया।

संघ के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 23 व 31 दिसंबर 2025 तथा सुप्रीम कोर्ट ने 16 अप्रैल 2026 को कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के लिए नीति बनाने के स्पष्ट आदेश दिए थे। इसके बावजूद सरकार नीति लागू न करके अदालत के आदेशों की खुली अवमानना कर रही है। कन्वेंशन में जंतर-मंतर पर पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर 20 जुलाई को हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उनके आंदोलन का समर्थन किया गया। इसके साथ ही 6 से 8 अगस्त तक होने वाली नगर पालिका व दमकल विभाग की हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया।


**हिसार।** कर्मचारियों को संबोधित करते सकसं के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री।

### मांगे न मानी तो सीएम आवास पर डालेंगे डेरा

जिला प्रधान अशोक सैनी, सचिव ओम प्रकाश, वरिष्ठ उप प्रधान बिशन सिंह और प्रेस प्रवक्ता नूर मोहम्मद ने बताया कि एचकेआरएन सहित करीब 2.25 लाख कच्चे कर्मचारी पिछले 15 वर्षों से नाममात्र वेतन पर काम कर रहे हैं। कर्मचारियों ने ऐलान किया कि मांगों को लेकर 7 अगस्त को जिला मुख्यालय हिसार पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार फिर भी नहीं चेती तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर अनिश्चितकालीन डेरा डाला जाएगा।

### 25 को परिवहन मंत्री के आवास का करेंगे घेराव

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों के सांझा मोर्चा के आह्वान पर 25 जुलाई को अंबाला कैंट में प्रस्तावित परिवहन मंत्री के घेराव में हिसार डिपो से सैकड़ों चालक, परिचालक एवं अन्य कर्मचारी भाग लेंगे। कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होने का निर्णय लिया है। सांझा मोर्चा के नेताओं ने बताया कि कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों पर सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसी के विरोध में प्रदेशभर के रोडवेज कर्मचारी अंबाला कैंट में एकत्र होकर परिवहन मंत्री का घेराव करेंगे। सांझा मोर्चा से जुड़ी यूनियनों के प्रधान संदीप जैनावास, कर्मबीर मसूदपुर, अजय दुहन, राजेश सेलवाल, अरुण शर्मा, अनूप श्योकंद, जितेंद्र शर्मा, पवन कनोह, नरेंद्र खरड़ व अमित जुगलान ने बताया कि लंबे समय से कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी की जा रही है।

### वेतन को तरसे सिंचाई विभाग के कर्मचारी

**हांसी।** सिंचाई विभाग में कर्मचारियों के वेतन और मेडिकल क्लेम का संकट लगातार गहराता जा रहा है। विभाग के करीब 400 कर्मचारियों को पिछले एक महीने से वेतन नहीं मिला है, जबकि दूसरा महीना भी समाप्ति की ओर है। इससे कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन (सिंचाई शाखा) ने सरकार से जल्द वेतन जारी करने और निलंबित कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) विनोद कुमार को बहाल करने की मांग करते हुए बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। यूनियन के शाखा प्रधान अशोक यादव ने कहा कि समय पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के लिए परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। अशोक यादव ने कहा कि यदि जल्द ही कर्मचारियों का बकाया वेतन और लंबित मेडिकल क्लेम जारी नहीं किया गया तथा एक्सईएन विनोद कुमार को बहाल नहीं किया गया, तो यूनियन बड़ा आंदोलन शुरू करेगी।

## मंत्री गंगवा के नाम पर साइबर ठगी का बड़ा खेल बेनकाब

- फर्जी सिम से अधिकारियों और भाजपा नेताओं को किए कॉल
- हिसार पुलिस ने राजस्थान से दबोचे दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा के नाम का इस्तेमाल कर साइबर ठगी का एक सुनियोजित खेल सामने आया है। ठगों ने मंत्री के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर मोबाइल सिम जारी करवाई, ट्रूकॉलर पर मंत्री का नाम प्रदर्शित कराया और व्हाट्सएप डीपी पर मंत्री के साथ फोटो लगाकर अधिकारियों व भाजपा नेताओं को फोन कर अपना प्रभाव जमाने की कोशिश की। मामले का खुलासा होने पर हिसार साइबर थाना पुलिस और सीआईए की संयुक्त टीम ने राजस्थान के अलवर जिले से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस जांच के अनुसार आरोपियों ने सबसे पहले एक सरकारी अधिकारी को फोन कर कहा कि मंत्री जी की तरफ से अपने आदमी को भेज रहा हूं, उसका काम कर देना। इसके बाद पानीपत और करनाल के भाजपा जिला अध्यक्षों से संपर्क किया गया। करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष को कॉल कर खुद को मंत्री रणबीर गंगवा का निजी सहायक (पीए) बताते हुए फर्नीचर बेचने के नाम पर 75 हजार रुपये देने की बात कही गई।

बातचीत के दौरान नेताओं को संदेह हुआ तो उन्होंने सीधे मंत्री रणबीर गंगवा से संपर्क कर पूरे मामले की पुष्टि की। मामला फर्जी निकलते ही हिसार पुलिस को शिकायत दी गई जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने मंत्री रणबीर गंगवा के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर मोबाइल सिम जारी करवाई थी। ट्रूकॉलर पर भी उसी नंबर के साथ मंत्री का नाम दिखाई देता था, जिससे लोगों का विश्वास आसानी से जीता जा सके।

### व्हाट्सएप प्रोफाइल पर लगाई मंत्री की फोटो

पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि आरोपियों ने अपने व्हाट्सएप प्रोफाइल पर मंत्री रणबीर गंगवा के साथ सार्वजनिक कार्यक्रम की फोटो लगा रखी थी। इस फोटो का इस्तेमाल वे अपनी पहचान को विश्वसनीय दिखाने और लोगों को झांसे में लेने के लिए कर रहे थे। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने राजस्थान के अलवर जिले के नाडका गांव में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## जिंदल स्टेनलेस ने एनएएमसी में जीते छह पुरस्कार, विनिर्माण में हुई मजबूत पहचान

- लगातार 3 वर्षों तक शीर्ष सम्मान जीतने के लिए हिसार को दूसरे वर्ष भी मिला डायमंड अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिंदल स्टेनलेस ने विनिर्माण क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपनी प्रतिबद्धता साबित करते हुए 12वें नेशनल अवॉर्ड्स फॉर मैन्युफैक्चरिंग कॉम्पिटिटिवनेस (एनएएमसी) में छह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते। कंपनी की हिसार संयंत्र को लगातार चौथे वर्ष आत्मनिर्भर फैक्टरी रिकग्निशन प्रोग्राम (एएफआरपी) के तहत स्वर्ण पदक और आत्मनिर्भर नेशन बिल्डर अवॉर्ड मिला। लगातार तीन वर्षों तक शीर्ष सम्मान जीतने के लिए हिसार को लगातार दूसरे वर्ष भी डायमंड अवार्ड भी मिला। ये सम्मान यूनिट के निरंतर बेहतर प्रदर्शन और उत्कृष्ट परिचालन के लिए दिए गए हैं। हिसार इकाई को एनएएमसी की समग्र रैंकिंग में दूसरा उपविजेता भी चुना गया, जिससे विनिर्माण क्षेत्र में उसकी मजबूत पहचान और बेहतर प्रदर्शन फिर साबित हुई।

कंपनी की मुंद्रा यूनिट को भी एएफआरपी के तहत रजत पदक और आत्मनिर्भर फैक्टरी रिकग्निशन मिला। यह सम्मान विनिर्माण में उत्कृष्टता, परिचालन दक्षता और लगातार सुधार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि ये सम्मान मिलना परिचालन में उत्कृष्टता, नवाचार और लगातार सुधार के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


**हिसार।** अवार्ड प्राप्त करते जिंदल स्टेनलेस के प्रतिनिधि।

### मनीषा ने संभाला हरियाणा सर्कल के सीपीएमजी का पद

**हिसार।** भारतीय डाक सेवा (आईपीओएस) की 1999 बैच की वरिष्ठ अधिकारी मनीषा बंसल ने हरियाणा सर्कल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल (सीपीएमजी) का पदभार संभाल लिया है। पदभार



ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने हरियाणा परिमंडल के सभी 11 मंडलों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा बैठक की और प्रत्येक कार्यक्षेत्र व स्तर पर डाक सेवाओं के विस्तार और विकास के लिए विस्तृत योजना तैयार की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक डाक और वित्तीय सेवाओं को पूरी पारदर्शिता और गति के साथ पहुंचाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। वर्ष 2001 में उनकी पहली तैनाती हरियाणा के करनाल में प्रवर अधीक्षक डाकघर के रूप में हुई। अपने इस कार्यकाल के दौरान उन्होंने दूर-दराज के गांवों तक बचत बैंक और ग्रामीण डाक जीवन बीमा की सेवाएं पहुंचाकर एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। समाज में वित्तीय समावेशन के इस उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें आदर्श नागरिक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।


**हिसार।** निरीक्षण कर जानकारी लेते हुए महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार।

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने जेल व नागरिक अस्पताल का किया दौरा

**हिसार।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने शुक्रवार को हिसार जिले के आधिकारिक दौरे के दौरान विभिन्न संस्थानों में स्थित महिला कल्याण केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित योजनाओं व व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने केंद्रीय कारागार-2, हिसार, नागरिक अस्पताल, महिला थाना तथा वन-स्टॉप सेंटर आदि संस्थानों का निरीक्षण और महिलाओं से बात की। शिकायत निवारण प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं संस्थानों के प्रभारियों को जल्द से जल्द उन्हें दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने काउंसलिंग, मेडिकल सहायता, विधिक सेवाओं और अस्थायी शेल्टर जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्टाफ से आवश्यक जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वास्तविक वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट आयोग दे। साथ ही पीड़ित महिलाओं से जुड़े सभी मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर महिलाओं की सहायता और संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान है, इसलिए इसकी सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। केंद्र में सफाई, सुरक्षा तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। काउंसलिंग और कानूनी सहायता प्रदान करने में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और केस रजिस्टर व डिजिटल रिकॉर्ड को नियमित रूप से अपडेट रखा जाना चाहिए।

### किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है रक्त : मेजर नरोत्तम

**आदमपुर।** अमर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर जिले के गांव महलसरा में शहीद भगत सिंह युवा क्लब की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिक अस्पताल हिसार की ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रहण किया। शिविर में समाजसेवी मेजर नरोत्तम बिश्नोई मुख्य अतिथि रहे।



उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है, इसलिए स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। शिविर के दौरान डॉ. ओमप्रकाश ने 54वीं बार रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर क्लब प्रधान राजीव पूनिया, सरपंच प्रतिनिधि नरेश शर्मा, राजेंद्र फौजी, अजय गोदारा, सुरेश गोदारा बॉक्सर, विकास पूनिया, लोकराज, राजकुमार पूनिया, सुरेश सूली, राहुल, यश, कृष्ण शर्मा, सीटू, बलबीर गोदारा, डॉ. सुंदर आदि उपस्थित रहे।

### गुजवि ने किया तीसरी काउंसलिंग की तिथियों में बदलाव

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बीएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग कोर्स में दाखिले के लिए तीसरी काउंसलिंग की तिथियों में बदलाव किया गया है। इन कोर्सों में अब तीसरी काउंसलिंग 06 अगस्त को होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा ने बताया कि बीएससी नर्सिंग कोर्स में दाखिले के लिए 29 जुलाई को निर्धारित व पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग कोर्स में दाखिले के लिए 30 जुलाई को निर्धारित तीसरी काउंसलिंग अब 06 अगस्त को सुबह 10 बजे से होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग व वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते हैं।


**आदमपुर।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

### खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, अतिथियों को मोहा मन

**आदमपुर।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन आदमपुर के अध्यक्ष एडवोकेट सतपाल भांभू ने शिरकत कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी आदमपुर उमेद सिंह मील तथा विद्यालय की प्राचार्या अंजू बाला भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, समूहगान, एकल गायन, भाषण, कविता, रंगोली तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का वातावरण बना रहा। अंत में विद्यालय की प्राचार्या अंजू बाला ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, शिक्षकों, निर्णायक मंडल एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

### विकास योगी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कुल्लू गिरी महाराज होंगे मार्गदर्शक

**हिसार।** गौपुत्र दल की प्रथम राष्ट्रीय बैठक राष्ट्रीय कार्यालय ओ*म लाइब्रेरी अग्रोहा मोड़ (हिसार) में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील क्रांतिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन संगठन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया तथा राष्ट्रीय मार्गदर्शक कुल्लू गिरी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गौपुत्र दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमें रोहताश बाबा को राष्ट्रीय संरक्षक, सुनील क्रांतिकारी को राष्ट्रीय अध्यक्ष, विकास योगी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कुल्लू गिरी महाराज को राष्ट्रीय मार्गदर्शक, रवि भार्गव को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, पवन महता एवं राजीकरण स्वदेशी को राष्ट्रीय सचिव, अमन हिन्दू को राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, अमनदीप को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष तथा अनिल जांगड़ा को राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### पूर्व राज्यपाल व सांसद ने स्व. नंद किशोर गोयंका को दी श्रद्धांजलि



**हिसार।** स्वर्गीय नंद किशोर गोयंका की शोकसभा में श्रद्धांजलि देने पहुंचे हरियाणा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल ने गोयंका सदन पहुंचकर पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्र एवं शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने स्व. नंद किशोर गोयंका के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रो. गणेशी लाल ने स्व. गोयंका के साथ बिताए अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उनके साथ काम करने का अवसर मिला, जिससे जीवन के अनेक मूल्य सीखने को मिले। उन्होंने कहा कि स्व. नंद किशोर गोयंका का व्यक्तित्व सेवा, समर्पण और राष्ट्रभावना का अद्भुत संगम था। कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने स्वर्गीय नंद किशोर गोयंका को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा, सादगी और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## हरियाणा में कृषि आधारित नवाचारों व कृषि स्टार्टअप्स को मिलेगी गति : प्रो. काम्बोज

- उद्यम को बढ़ाने के लिए 10 लाख के अनुदान के लिए पात्र होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एबिक सेंटर का स्टार्टअप हरियाणा में पंजीकरण हो गया है। इस उपलब्धि से हरियाणा में कृषि आधारित नवाचारों और कृषि स्टार्टअप्स को नई गति मिलेगी। अब एबिक से जुड़े पात्र स्टार्टअप्स हरियाणा की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे तथा 10 लाख रुपये तक की अनुदान राशि के लिए आवेदन करने के लिए भी पात्र होंगे। यह वित्तीय सहायता नए उत्पादों के विकास, प्रारूप तैयार करने, बाजार परीक्षण तथा उद्यम को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए एबिक की टीम को बधाई देते हुए कहा कि स्टार्टअप हरियाणा में पंजीकृत होने से विश्वविद्यालय की नवाचार गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी। इससे कृषि क्षेत्र के युवाओं को स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे एवं हरियाणा में एग्री स्टार्टअप का मजबूत इकोसिस्टम विकसित होगा। एबिक आने वाले वर्षों में राज्य के कृषि नवाचारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ एबिक की टीम।

## निपुण मिशन में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : शालिनी

- 60 दिन से निरीक्षण से वंचित स्कूलों का पहले होगा दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले में निपुण मिशन सहित सभी शैक्षणिक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के संचालन में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार विभाग की प्राथमिकता है और इसके लिए नियमित विद्यालय निरीक्षण की जाए। जिन विद्यालयों का पिछले 60 दिनों से निरीक्षण नहीं हुआ है, वहां प्राथमिकता के आधार पर भ्रमण किया जाए। जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने निपुण मिशन, एफएलएन लक्ष्यों, टीएलपीएस निष्कर्षों, हाई इम्पैक्ट टीचिंग स्ट्रेटेजीज, लाडो लक्ष्मी योजना, पाठ्यपुस्तक वितरण, निपुण पेरेंट्स ऐप और अन्य शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। बैठक में पाठ्यपुस्तकों के वितरण पर जोर दिया गया। एडीसी ने निर्देश दिए कि आवश्यकता के अनुसार विद्यालयों के बीच पुस्तकों का युक्तिसंगत पुनर्वितरण कर वितरण कार्य जल्द पूरा किया जाए।

## गुजवि में प्रिंटिंग विभाग के डॉ. मोहित को मिली 28 लाख की शोध परियोजना

- ए3 कलर डिजिटल प्रेस की सुरक्षा बढ़ाने के लिए करेंगे शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. मोहित कुमार ए3 कलर डिजिटल प्रेस की सुरक्षा बढ़ाने के लिए शोध करेंगे। डॉ. मोहित कुमार को हरियाणा सरकार से 'ए3 कलर डिजिटल प्रिंटिंग प्रेसों में निहित सुरक्षा प्रोटोकॉल का संवेदनशील मुद्रित जानकारी की सुरक्षा के लिए मूल्यांकनः सरकारी और व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए निहितार्थ' विषय पर 28 लाख की शोध परियोजना मिली है। इस परियोजना की अवधि दो वर्ष है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यह परियोजना डिजिटल प्रिंटिंग सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है।

डॉ मोहित ने बताया कि परियोजना का मकसद डिजिटल प्रेस के हैकिंग, अवांछित प्रिंट और मेमोरी-रिकवरी को रोककर संवेदनशील दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह परियोजना ए3 कलर डिजिटल प्रेस पर वैज्ञानिक सुरक्षा परीक्षण और हार्डनिंग कार्य करेगी, ताकि कोई भी बाहरी या आंतरिक स्रोत मशीन से अनधिकृत प्रिंट न निकाल सके और प्रिंटिंग से संबंधित डाटा मशीन की मेमोरी में सुरक्षित न रहे।


**हिसार।** डॉ. मोहित कुमार को बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

## खबर संक्षेप

### अघोषित आपातकाल की ओर बढ़ रहा देशः संपत सिंह



**हिसार।** इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक एवं हरियाणा के पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह ने जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा विवाद को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर हुई पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह केवल छात्रों पर हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और देश के भविष्य पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की जायज मांगों का समाधान करने के बजाय दमन का रास्ता अपना रही है, जिससे देश धीरे-धीरे अघोषित आपातकाल की ओर बढ़ रहा है। प्रो. संपत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज़ को सुना जाता है, उसे लाठी से दबाया नहीं जा सकता।

### दोषियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाईः चंद्रप्रकाश



**हिसार।** लगातार हो रहे पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज करने और उनके साथ बर्बरता करने की घटनाओं की आदमपुर विधायक चंद्रप्रकाश ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और युवाओं को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले युवाओं पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस होने चाहिए और नीट पेपर लीक करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### छात्रों का आंदोलन पूरी तरह जायजः दलबीर



**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने कहा है कि देशभर में पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में छात्र वर्ग द्वारा किया जा रहा आंदोलन पूरी तरह न्यायसंगत है। सरकार को छात्रों की भावनाओं को समझते हुए उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए है। किरमारा ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा प्राप्त करना बेहद महंगा हो चुका है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में छात्रों और उनके परिवारों की वर्षों की मेहनत, समय और लाखों रुपये खर्च होते हैं। ऐसे में जब पेपर लीक जैसी घटनाएं होती हैं और परीक्षाएं रद्द करनी पड़ती हैं, तो सबसे अधिक नुकसान मेहनतकश और ईमानदार छात्रों को उठाना पड़ता है।

### न्याय की इस लड़ाई में बीमा कर्मचारी छात्रों के साथ

**हिसार।** ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन ने नीट-2026 व अन्य सार्वजनिक परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की है। संगठन ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों पर बल प्रयोग किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है और सरकार को दमन के बजाय संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए। रोहतक मंडल के अध्यक्ष त्रिलोक बंसल और सचिव ओमवीर सिंह ने कहा कि अपनी लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के अधिकार का प्रयोग कर रहे छात्रों के विरुद्ध पुलिस बल का इस्तेमाल दुर्भाग्यपूर्ण है।

### चेक बाउंस मामले का पीओ गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में फरार चल रहे एक पीओ को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान डाटा निवासी राजेश कुमार के रूप में हुई है। एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि राजेश कुमार के खिलाफ चेक बाउंस का मामला न्यायालय में विचाराधीन था। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी लगातार अदालत में पेश नहीं हो रहा था। इस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट हांसी तरुण चौधरी ने 29 अप्रैल 2026 को उसे उद्घोषित पीओ करते हुए उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के आदेश जारी किए थे।

---

### दिल्ली में लाठीचार्ज के विरोध में चौथे दिन भी जारी रहा वकीलों का सांकेतिक धरना

# छात्रों की मांगों के समर्थन में जिला बार एसोसिएशन हिसार ने रखा वर्क सस्पेंड



हिसार। धरने पर बैठे बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा बचाओ आंदोलन के दौरान छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध तथा उनकी मांगों के समर्थन में जिला बार एसोसिएशन का सांकेतिक धरना शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। जिला बार एसोसिएशन की जनरल हाउस की सर्वसम्मत निर्णय के अनुरूप शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने वर्क सस्पेंड रखा और आवश्यक मामलों में केवल प्रॉक्सी वकीलों के माध्यम से ही औपचारिक उपस्थिति दर्ज कराई गई। सभी अधिवक्ताओं ने न्यायालयों में नियमित कार्य से दूरी बनाकर आंदोलनरत छात्रों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट प्रदीप बाजिया ने कहा कि देशभर के छात्र केवल अपने भविष्य की सुरक्षा, निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था और जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। ऐसे लोकतांत्रिक आंदोलन पर बल प्रयोग किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। बार एसोसिएशन ने दोहराया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। धरने एवं वर्क सस्पेंड कार्यक्रम में प्रदीप बाजिया, राहुल सिंह, समीर सिहाग, साहिल मंडेरना, आशा बाल्यान, कलम सिंह, विनय बिश्नोई, अनिल जालंधरा, सुरेंद्र ढुल्ल, अशोक बिश्नोई, अर्जुन सिंह, दलीप जाखड़, बंसीलाल, बजरंग इंदल, विनोद कसवां, विक्रम मित्तल, राजवीर मोर सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### छात्रों के समर्थन में धरना दिया

**हिसार।** लघु सचिवालय हिसार में गुरुवार को हरियाणा पुलिस संगठन हिसार इकाई व रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ने संयुक्त धरना दिया। धरने का संचालन रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के जिला प्रधान राजबीर सिरध ने किया। यह धरना जन्तर-मन्तर पर धरना दे रहे छात्रों के समर्थन में पेपर लीक मामले के संबंध में दिया गया। इस धरने में इनेलो पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, अन्य सामाजिक संगठन व कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल हुए। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्याग-पत्र की मांग करते हुए छात्रों को न्याय दिए जाने की मांग की। उन्होंने नीट का पेपर लीक होने पर मरने वाले छात्रों के परिजनों मुआवजा देने की मांग करते हुए कहा कि ये सरकार की जिम्मेदारी है। धरने के दौरान छात्रों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापिस लेने की मांग भी की गई। धरने को गौरव संपत सिंह (इनेलो), प्रदीप भानखड़ (बहुजन समाज पार्टी), महेंद्र सिंह स्याहड़वा, एमएल सहगल, राजपाल नैन, नरेश गोयल, रत्न बड़गुजर, एसपी चाहलिया, रामरूप शर्मा (जिला उप प्रधान), सतबीर सिंह रूहिल, रूप सिंह (बोस) आदि ने भी संबोधित किया।






### छात्रों के समर्थन में बरवाला में निकाला विशाल पैदल मार्च

**बरवाला।** छात्रों की विभिन्न मांगों, शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में आज बरवाला में छात्र समर्थन युवा मंच बरवाला के नेतृत्व में एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। यह पैदल मार्च ब्राह्मण धर्मशाला से शुरू होकर एसडीएम कार्यालय बरवाला तक निकाला गया और एसडीएम कार्यालय में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए। इस मौके पर राजेश श्योकंद, ज्योति बंसल, मनोज, अनिल शर्मा, वीरेन्द्र, ऋषिपाल, बीरबल, राजेश सरसोद, मास्टर दीपक, शत्रुघ्न सहारण, श्रद्धानंद, रोहताश, विजेंद्र, राजेंद्र सुरा, लोकेश, विक्रम रंगा, विनोद, अमित, शीलू सोनी मौजूद रहे।

### युवाओं के समर्थन में ज्ञापन सौंपा

**नारनौंद।** दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं के समर्थन में भारतीय युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। इसके बाद युवा जिला अध्यक्ष विकास ढांडा ने नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ढांडा चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार ने युवाओं की मांगों को पूरा नहीं किया तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने का काम करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी मांगों को लेकर जंतर मंतर पर देश भर के युवा शांतिपूर्वक से प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन भाजपा की सरकार ने पुलिस को आगे करके उन पर हमला करने का काम किया है। इस अवसर पर सोविन भाटला,प्रमोद कोहाड़, प्रदीप ढांडा, सोनू, दीपक, नरेंद्र, संदीप, मनीष, साहिल आदि मौजूद थे।

### संघ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

**हांसी।** रिटायर कर्मचारी संघ जिला हांसी की बैठक शुक्रवार को बजरंग आश्रम में जिला प्रधान तुलसीदास आर्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे विद्यार्थियों के खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की गई। बैठक में संघ के सदस्यों ने विद्यार्थियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ की गई कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। संघ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की भी मांग की गई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव कपूर सिंह बामल ने किया। इस दौरान ब्लॉक पदाधिकारी फतेह सिंह गुर्जर, भीम सिंह वाधवा, के.एल. ग्रोवर, बलवान दलाल, कमल सलूजा, रामधारी तथा मास्टर भरत सिंह आदि मौजूद थे।

### लाठीचार्ज के खिलाफ इनेलो ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**हिसार।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में इनेलो ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने घटना की न्यायिक जांच कराने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता इनेलो के जिला प्रधान सतपाल काजला ने की, जबकि नेतृत्व पार्टी के प्रदेश प्रधान सचिव गौरव संपत सिंह ने किया। इस अवसर पर चतर सिंह स्याहड़वा, दलबीर किरमारा, प्रदीप सिंह , होशियार खान, साहिल दीप कस्वां, कल्लीराम खेदड़, सूरज कालीरावणा, निहाल सिंह, तेलू राम सरपंच, राजकुमार सिवानी, ललिता, सीताराम जाखड़, चरण सिंह, विकेंद्र मलिक, तौसीफ चौधरी, सुखी मंगाली, सुभाष टाक, बलबीर सिहाग व विनोद कस्वां सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पेपर लीक पर सरकार कड़ा कानून बनाए : सुनील

**नारनौंद।** दिल्ली में युवाओं के प्रदर्शन के समर्थन में नारनौंद बार एसोसिएशन की तरफ से सांकेतिक धरना दिया गया। इस मौके पर वकील सुनील पनिहार व कुलदीप भाटीवाल ने बताया कि आए दिन पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं। इसके कारण तैयारी करने वाले छात्रों को नुकसान हो रहा हैं। पेपर लीक होना सरकार की बड़ी नाकामी है। सरकार को कोई ठोस कानून लाना चाहिए ताकि पेपर लीक न हो सके। वही निहत्थे छात्रों पर पुलिस ने लाठियां चलाई है वो सरासर गलत है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान, प्रदीप लोहान, सुशील शर्मा, आकाश बुधवार, पूनम दुहन, सुमेश, संदीप लोहान, पवन, नरेंद्र आदि मौजूद थे।



### किसानों ने राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** संयुक्त किसान संघर्ष समिति, बालसमंद तहसील की ओर से नायब तहसीलदार बालसमंद को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें अनेक मांगों को शामिल किया गया। ज्ञापन देने का नेतृत्व संयुक्त किसान संघर्ष समिति, बालसमन्द तहसील के संरक्षक जगदीश लौरा, उपाध्यक्ष विजय भाम्भू और कोषाध्यक्ष सतबीर गढ़वाल ने किया। ज्ञापन में कहा गया कि ट्रेड डील का विरोध करने के लिए, चौधरी चरण सिंह की समाधि स्थल, किसान घाट दिल्ली में किसानों ने विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया था जिसमें शामिल होने के लिए दिल्ली आ रहे किसानों को रास्ते में रोका गया और अवैध गिरफ्तारियां की गई। इस मौके पर समिति के संरक्षक जगदीश लौरा, उपाध्यक्ष विजय भाम्भू, कोषाध्यक्ष सतबीर गढ़वाल के अलावा सचिव अनिल भादू, पवन लौरा, राजकुमार लौरा, प्रदीप ढ़ाका, कपूर सिंह, सुनील नेहरा, प्रहलाद सुन्ड़ावास, करण सिंह नेहरा, महेन्द्र सिंह, उमेद लौरा, एडवोकेट विक्रम डूडी मौजूद रहे।



### नियमों के उल्लंघन पर काटे चार चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए नगर निगम ने स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। निरीक्षण अभियान के दौरान एएसआई प्रवीण ने पीएलए कम्युनिटी सेंटर के पास बनाए गए कचरा क्लेक्शन प्वाईंट पर वाहन के द्वारा कचरा डालते पाएं जाने पर वाहन संचालक का 2 हजार रूपये का चालान किया। इसके साथ एएसआई ने कैंप चौक पुल के नीचे खुले में कचरा डालने पर एक दुकानदार का 500 रूपये का चालान किया।

### भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे एचपीएसजी बैडमिंटन नर्सरी हिसार के खिलाड़ी



**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम बैडमिंटन अकादमी के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी विजेंद्र और योगेश एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। दोनों खिलाड़ी ब्राजील और पेरू में होने वाले इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 में भाग लेंगे। विजेंद्र और योगेश ब्राजील इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में 27 जुलाई से एक अगस्त तक और इसके बाद पेरू इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में चार अगस्त से नौ अगस्त तक भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। गौरतलब है कि विजेंद्र और योगेश पहले भी नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर मेडल जीतकर डीएचबीवीएन और हरियाणा का नाम रोशन कर चुके हैं। उनकी लगातार मेहनत और बेहतर प्रदर्शन के कारण उन्हें एक बार फिर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। दोनों खिलाड़ी डीएचबीवीएन बैडमिंटन अकादमी में कोच सुरेंद्र कुमार और कोच वीरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में हिसार में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

**हिसार।** आगामी 14 अगस्त को मनाए जाने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों को लेकर सेक्टर 14 स्थित पंजाबी भवन में पंजाबी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 14 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा समाज की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विभाजन की त्रासदी को याद करते हुए उन लाखों लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का संकल्प लिया गया, जिन्होंने देश के विभाजन के दौरान अपने प्राण गंवाए अथवा अपना घर-बाहर छोड़ने के लिए विवश होना पड़ा। साथ ही नई पीढ़ी को विभाजन के इतिहास, उसके दर्द और उससे मिलने वाली सीख से अवगत कराने पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक में मेयर प्रवीण पोपली विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### आर्य समाज में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ दिया सांकेतिक धरना

**हिसार।** आर्य समाज मंदिर संस्थान नागोरी गेट से जुड़े कथित गड़बड़ियों और प्रशासक नियुक्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय के बाहर आर्य समाज संस्था बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिवसीय सांकेतिक धरना आयोजित किया गया। धरने में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा, विभिन्न सामाजिक संगठनों, खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों, आर्य समाज द्वारा संचालित विद्यालय की अध्यापिकाओं, छात्र-युवाओं तथा बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों ने संस्था की संपत्तियों के कथित दुरुपयोग, बेशकीमती जमीन बेचने, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, किराए के नाम पर गबन करने तथा दशकों पुराने शिक्षण संस्थान को बंद करने की साजिश जैसे गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन के बाद संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) शालिनी चेतल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।





### भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**आदमपुर।** अखिल भारतीय किसान सभा ने संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते के विरोध में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तहसील अध्यक्ष कपूर सिंह बगला के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि यदि भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौता लागू किया गया तो इसका सीधा असर देश के किसानों, खेती-किसानी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। किसानों ने आशंका जताई कि इससे कृषि क्षेत्र में संकट गहराएगा और रोजगार के अवसर भी प्रभावित होंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे किसी भी समझौते से बचने की मांग की। कार्यक्रम में किसान सभा के नेता सतबीर सिंह घायल, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश सिवाच, तहसील कोषाध्यक्ष रघुबीर सिंह मंडेरना, उपप्रधान मांगेराम गोदारा, सहसचिव जगदीश पूनिया, धर्म सिंह बैनीवाल, राजेंद्र साहरण, सतपाल गोदारा, सुरेश काकड़, कृष्ण काजला, रामस्वरूप ज्याणी, राजीव बैनीवाल, राम सिंह पूनिया, रिछपाल जाखड़, राजेंद्र चुली खुर्द सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

**आस्था** | गुरु पूर्णिमा महोत्सव में वृंदावन से पधारेंगे स्वामी नारायणाचार्य महाराज

# तिरुपति धाम में 27 को होगा चरण पादुका पूजन, मनेगी गुरु पूर्णिमा

**जोर-शोर से चल रही हैं महोत्सव की तैयारियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विभिन्न संस्कृतियों में एकजुटता स्थापित करने वाले तिरुपति बालाजी धाम में 27 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस महोत्सव की तैयारियां पूरे जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। परम पद प्राप्त अनंत विभूषित जगदगुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी देवनारायणाचार्य महाराज के परम कृपापात्र नवनियुक्त अभिनव उत्तराधिकारी अनंत विभूषित स्वामी नारायणाचार्य महाराज के सान्निध्य में यह महोत्सव आयोजित किया गया। 27 जुलाई को प्रातः 10 बजे परम पद प्राप्त जगदगुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी की चरण पादुका पूजन से महोत्सव की शुरुआत होगी। इस दौरान नारायणाचार्य महाराज प्रवचनों की अमृतवर्षा करेंगे और मार्गदर्शन भी करेंगे। नारायणाचार्य महाराज 27 जुलाई को तिरुपति धाम पर ही प्रवास करेंगे।



हिसार। तिरुपति धाम में भगवान नृसिंह की सवारी शोभा यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### निकली भगवान नृसिंह की सवारी शोभा यात्रा

तिरुपति धाम में प्रादुर्भाव स्वाति नक्षत्र के अवसर पर भगवान नृसिंह की विधि-विधान से पूजा व अर्चना की गई और सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। भगवान नृसिंह के विग्रह को पूरी आस्था के साथ रथ में स्थापित पालकी में विराजमान किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने रस्सों से रथ को खींचा और धाम की परिक्रमा की। इस दौरान पूरा धाम भगवान नृसिंह के जय-जयकार से गुंजायमान हो उठा।

JINDAL STEEL

**जिन्दल स्टील लिमिटेड**

(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Phone: +91 11 41462000 | Fax: +91 11 26161271 | Email: contactus@jindalsteel.in
Website: www.jindalsteel.in

jindalsteel_ | jindal_steel | jindalsteellimited | jindalsteel_ | jindalsteel_

**सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47**
**30 जून 2026 को समाप्त तिमाही हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(शेयरों और ईपीएस को छोड़कर रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30 जून 2026 | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2026 | समाप्त तिमाही 30 जून 2025 | समाप्त वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2026 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 15,501.32 | 16,484.28 | 12,324.88 | 53,553.14 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 1,204.58 | 1,890.97 | 2,017.88 | 5,284.53 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 1,204.58 | 1,074.15 | 2,017.88 | 4,413.15 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 843.80 | 1,041.24 | 1,495.97 | 3,360.87 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 943.66 | 1,152.55 | 1,549.61 | 3,335.95 |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) | 101.78 | 101.75 | 101.75 | 101.75 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | 50,797.16 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | |
| | बेसिक : | 8.30 | 10.27 | 14.73 | 33.12 |
| | डायल्युटेड : | 8.34 | 10.30 | 14.73 | 33.16 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज(एस) की वेबसाइट www.bseindia.com / www.nseindia.com के साथ-साथ कम्पनी की वेबसाइट www.jindalsteel.in पर उपलब्ध है और निम्नलिखित क्विक रेस्पोन्स कोड को स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
2. इन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा 24 जुलाई 2026 को आयोजित इसकी बैठक में ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और 24 जुलाई 2026 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।

**स्टैंडअलोन आधार पर वित्तीय परिणामों के प्रमुख आंकड़े** (रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30 जून 2026 | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2026 | समाप्त तिमाही 30 जून 2025 | समाप्त वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2026 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | टर्नओवर | 15,291.77 | 16,199.75 | 12,436.27 | 54,320.20 |
| 2 | कर से पूर्व लाभ/(हानि) | 1,473.59 | (196.97) | 2,196.57 | 4,139.97 |
| 3 | कर के बाद लाभ/(हानि) | 1,085.97 | (143.48) | 1,623.90 | 3,073.62 |

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 24 जुलाई 2026

बोर्ड के आदेशानुसार
विद्या रत्न शर्मा
प्रबंध निदेशक


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ON ALL MRP 6% OFF
UPTO 80% OFF
MONSOON Sale
18 July to 2 August
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
1LTR
1 LTR
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR GOHANA KARNAL HISAR PANIPAT BHIWANI
BUY 1 GET 1 FREE
REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR — BUY 1 GET 1 FREE
CHIPS — BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850G — BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA CLASSIC (500G) — BUY 1 GET 1 FREE
MCCAIN 1.2KG — BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
XCITE NOODLES ( 330 g) — BUY 1 GET 1 FREE
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG — BUY 1 GET 1 FREE
NISHA NAMKEEN SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
SATMOLA NAMKEEN — BUY 1 GET 1 FREE
MULBERRY MUFFIN — BUY 1 GET 1 FREE
VANDNAM BHOG SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g — BUY 1 GET 1 FREE
YUVAID SHARBAT — BUY 1 GET 1 FREE
TOP / MOTHER PICKLE 950 GM — BUY 1 GET 1 FREE
FRESCA JUICE 1LTR — BUY 1 GET 3 FREE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
FUNFOOD VEG MAYO SUPERLITE 800GM — BUY 1 GET 1 FREE
MANGO SIP — BUY 1 GET 1 FREE
PRABHAS GHEE — BUY 1 GET 1 FREE
UNIBIC BISCUITS FAMILY PACK — BUY 1 GET 1 FREE
KHADI INDIA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI TOOTHPASTE 300 GM / 150GM — BUY 1 GET 1 FREE
SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR — BUY 1 GET 1 FREE
VOOM MATIC LIQUID TOP LOAD & FRONT LOAD 2L — BUY 1 GET 1 FREE
ARIEL COMPLETE DETERGENT POWDER 4 KG — BUY 1 GET 1 FREE
K'TRIQ SELECTED VARIANT — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KABULI CHANA 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 FREE
EXO LIQUID DISHWASH GEL - 1.5L — BUY 1 GET 1 FREE
CHINAR MAT Below MRP- ₹400 — STARTING FROM ₹99
TRISHUL 5LTR — BUY 1 GET 1 FREE
IHP PRODUCTS — BUY 1 GET 1 FREE
CLARET / KRESSA / KCO NAPKIN — BUY 1 GET 1 FREE
MANIA JUICE 1.2 LTR — BUY 1 GET 3 FREE
ADDRESS - TOWER ENCLAVE, JINDALCHOWK - RAIPUR RD, OPPOSITE HDFC BANK, VIDYUT NAGAR, HISAR, HARYANA.
CALL FOR OFFERS AND UPDATES +91-98969 38427
SCAN TO GET LOCATION
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Payment Accepted
*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.